# भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर (2026-2027)

| कक्षा - नवीं (२०२६ - २०२७) | विषय: संज्ञा-सर्वनाम, उपसर्ग - प्रत्यय, विराम चिह्न, निपात | Date - 26-04-2026 |
|---|---|---|
| कार्य-पत्रिका संख्या: 2 | | Note: Pl. file in portfolio |

**नाम:** ________________________**अनुभाग:** _____**अनुक्रमांक:** _____**दिनांक:** __________

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित शब्दों के संज्ञा रूप छाँटते हुए सही स्थान पर लिखिए:

देश, शिक्षक, स्वतंत्रता, लक्ष्मीबाई, हरियाली, बहादुरी, कबीरदास, प्रेमचंद, कठिनाई, घोड़ा।

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा - ________________________________________________

(ख) जातिवाचक संज्ञा - ________________________________________________

(ग) भाववाचक संज्ञा - ________________________________________________

**प्रश्न 2.** निम्नलिखित अवतरण में से संज्ञा शब्द छाँटकर उनके भेद भी लिखिए:

झूरी के दोनों बैलों के नाम थे - हीरा और मोती। दोनों पछाईं जाति के थे - देखने में सुंदर, काम में चौकस, डील में ऊँचे। बहुत दिनों साथ रहते-रहते दोनों में भाईचारा हो गया था। दोनों आमने-सामने या आस-पास बैठे हुए एक-दूसरे से मूक-भाषा में विचार-विनिमय करते थे। एक, दूसरे के मन की बात कैसे समझ जाता था, हम नहीं कह सकते। अवश्य ही उनमें कोई ऐसी गुप्त शक्ति थी जिससे जीवो में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है।

1.______________6. ____________________11. ______________16. _____________

2.______________7. ____________________12. ______________17. _____________

3.______________8. ____________________13. ______________18. _____________

4.______________9. ____________________14. ______________19. _____________

5.______________10. ____________________15. ______________20. _____________

**प्रश्न 3.**निम्नलिखित विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए -

1. दुष्ट -________________ 4. प्यासा -_______________7. चतुर -______________

2. हिंसक -_______________ 5. मीठा -________________8. मुक्त -______________

3. ख़ुशहाल -______________ 6. कंजूस -_______________9. अच्छा -______________

**प्रश्न 4.** रेखांकित शब्दों के स्थान पर भाववाचक संज्ञाओं का प्रयोग करते हुए वाक्य दुबारा लिखिए -

1. मैं कुछ भी **लेना-देना** नहीं चाहता था।
2. उसके **सफल** होने पर सभी ने बधाई दी।
3. जो व्यक्ति **अहंकारी** होते हैं, वे पछताते हैं।
4. पानी का व्यर्थ **बहना** रोकना ही होगा।
5. उसके **कठोर** होने पर उसे सज़ा मिली।

**प्रश्न 5.** उचित सर्वनाम शब्द से वाक्य पूरे कीजिए -

1. दरवाज़े के पास _______________ खड़ा है।
2. _______________ भोजन बना रही है।
3. _______________ समझदार हो गए हो।
4. _______________ शोर मचा रहा था?
5. _______________ हिम्मत नहीं है।
6. _______________ अभी छोटे हो, ________ तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ।

**प्रश्न 6.** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनामों के भेद का नाम लिखिए -

1. अपना काम **<u>स्वयं</u>** करो। ____________________________________________________
2. पहले **<u>कुछ</u>** खा लो, फिर पढ़ाई करना। __________________________________________
3. यह चित्र **<u>किसने</u>** बनाया है? ________________________________________________
4. **<u>जो</u>** परिश्रम करेगा, **<u>उसे</u>** सफलता मिलेगी। ______________________________________
5. क्या **<u>आप</u>** अभी लंदन में हैं? _______________________________________________

**प्रश्न 7.** नीचे लिखे वाक्यों में सर्वनाम शब्दों की अशुद्धि को दूर कर वाक्य को फिर से लिखिए -

1. तुम्हें अभी खा लेते तो अच्छा होता। ___________________________________________
2. तुम्हारे को दादाजी बुला रहे हैं। _______________________________________________
3. लगता है मेरी पुस्तक किन्हीं ने ले ली। _________________________________________
4. मेरे को आज मेरे मित्र के यहाँ जाना है। _________________________________________
5. तुम कौन-से घृणा करते हो? ____________________________________________________

**प्रश्न 8.** 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: -

(i) 'अध' उपसर्ग से निर्मित दो शब्द लिखिए।

(ii) शब्द के प्रारंभ में जुड़कर अर्थ में परिवर्तन लाने वाले शब्दांश को ___________________ और शब्द के अंत में जुड़कर अर्थ में परिवर्तन लाने वाले शब्दांश को ____________________ कहते हैं।

(iii) 'भरपेट' शब्द में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है?

(iv) 'ईला' प्रत्यय से निर्मित दो शब्द लिखिए।

(v) 'अपनापन' में प्रयुक्त मूल शब्द एवं प्रत्यय को अलग करके लिखिए।

(vi) 'चित्रकार' शब्द में कौन सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है?

(vii) 'परतंत्रता' में प्रयुक्त उपसर्ग, मूल शब्द एवं प्रत्यय को अलग करके लिखिए।

(viii) 'वि' उपसर्ग से निर्मित दो शब्द लिखिए।

(ix) 'व्यक्तित्व' शब्द में कौन सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है?

(x) 'इत' प्रत्यय से निर्मित दो शब्द लिखिए।

(xi) 'सपरिवार' में प्रयुक्त उपसर्ग एवं मूल शब्द को अलग करके लिखिए।

(xii) 'सुपुत्र' शब्द में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है?

(xiii) 'बाज़ीगर' में प्रयुक्त मूल शब्द एवं प्रत्यय को अलग करके लिखिए।

**प्रश्न 9.** 'विराम-चिह्न' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: -

(i) (^) कोष्ठक में दिए गए विराम-चिह्न का नाम लिखिए।

(ii) निम्नलिखित वाक्य में उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाकर लिखिए: –

सुभाष चंद्र बोस ने कहा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा

(iii) संबोधन के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है? चिह्न और नाम – दोनों लिखिए।

(iv) प्रसन्नता, दुःख, आश्चर्य आदि भाव व्यक्त करने वाले वाक्यों में प्रयोग किए जाने वाले विराम-चिह्न का नाम और चिह्न – दोनों लिखिए।

(v) 'इमारत की सीढ़ियाँ चढ़ते-चढ़ते मैं थक गया।' - वाक्य में 'चढ़ते-चढ़ते' के बीच किस चिह्न का प्रयोग हुआ है?

(vi) अर्धविराम के लिए कौन-सा चिह्न प्रयोग किया जाता है?

(vii) (,) कोष्ठक में दिए गए विराम-चिह्न का नाम लिखिए।

(viii) विस्मयवाचक चिह्न का प्रयोग करते हुए एक वाक्य लिखिए।

(ix) वाक्य के पूरा होने पर किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है? चिह्न और नाम – दोनों लिखिए।

(x) निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाकर लिखिए: –

एक बालक ने कहा ऐसे बैल किसी के पास न होंगे

दूसरे ने समर्थन किया इतनी दूर से दोनों अकेले चले आए

तीसरा बोला बैल नहीं हैं वे उस जनम के आदमी हैं

(xi) लाघव या संक्षेपक चिह्न का प्रयोग करते हुए एक वाक्य लिखिए।

(xii) निम्नलिखित वाक्यों में से विराम-चिह्न छाँटकर उनके नाम लिखिए: –

झूरी अपने बैलों पर यह आक्षेप न सुन सका – "नमकहराम क्यों हैं? चारा-दाना कुछ न दिया होगा, तो क्या करते?"

दो-चार बार मोती ने गाड़ी को सड़क की खाई में गिराना चाहा; पर हीरा ने संभाल लिया।

**प्रश्न 10.** रिक्त स्थानों में उपयुक्त निपात भरकर वाक्यों को पूरा कीजिए: -

1. मनुष्य का चरित्र _______________ उसे सम्मान दिला सकता है।
2. _______________ पुस्तक पढ़ने से काम नहीं चलेगा।
3. पत्र लिखना तो दूर, उसने मुझे फ़ोन _______________ नहीं किया।
4. यह कार्य नमिता _______________ कर सकती है।
5. इंदु _______________ को उसने यह बात नहीं बताई।
6. रजत कभी _______________ तुम काम की बात कर लिया करो।
7. यद्यपि सार्थक को बैडमिंटन खेलना ________ आता है, परंतु वह हमेशा क्रिकेट ________ खेलता है।
8. तुम _______________ फँसोगे, मुझे _______________ फँसवाओगे।
9. जाते समय उसने मेरी ओर देखा _______________ नहीं।

**प्रश्न 11.** निम्नलिखित निपातों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए: -

तो, ही, भर, तक, भी, मात्र।